सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल, पटेल नगर में गणतंत्र –दिवस समारोह

26 जनवरी सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय, पटेल नगर में गणतंत्र – दिवस की 68 वीं वर्षगाँठ पूर्ण उत्साह व जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मिस. शशि खत्री, रिटायर्ड डिप्टी सेक्रेटरी, भोपाल के आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् छात्रों द्वारा राष्ट्रगान तथा चारों हाउस द्वारा मार्च – पास्ट किया गया। तथा विद्यालय के हिन्दी – माध्यम के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं नृत्य व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर गत वर्ष 2016 में कक्षा 12 वीं के शत – प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यार्थियों – स्काउट – गाइड में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त तथा हिन्दी – माध्यम में शत – प्रतिशत उपस्थिति के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सत्र 2017 में नर्सरी से कक्षा दसवीं तक पाठ्य सहभागी गतिविधियों के पुरस्कार प्रदान किए गए जो अनुशासन, स्वच्छता तथा भाषा पर आधारित थे।

मुख्यअतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ण अनुशासन और परिश्रम से ही सफलता की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा मिलती है। अंत में विद्यालय प्राचार्य ब्रदर एलेक्स ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देकर आगामी परीक्षाओं में ध्यानपूर्वक परिश्रम के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।